तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, रविवार 21 सितंबर 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

12 हड़ताल समाप्ति के बाद एनएचएम कर्मचारियों ने दी ज्वाईनिंग



14 स्टाफ नर्स व सफाईकर्मी ने की महिला की डिलीवरी, ...









## खबर संक्षेप

### नवागांव में 51 देवियों की प्रतिमा होगी स्थापित

**सिर्री।** ग्राम नवागांव (थुहा) की मनोकामना नवदुर्गोत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से नया बाजार चौक में इस वर्ष क्वांर नवरात्रि में 51 देवियों की प्रतिमा स्थापित की जायेगी। साथ ही मनोरम झांकी और 12 ज्योतिर्लिंग दर्शन की भी तैयारी जारी है। मिनी बाजार लगेगा। ज्योत जंवारा प्रज्वलित होगा। तैयारी में समिति के अध्यक्ष राजकुमार साहू, उपाध्यक्ष गोपी यादव, सचिव तोरण साहू, कोषाध्यक्ष गीतेश साहू, सहसचिव प्रीतम साहू सहित अन्य सदस्य एवं ग्रामीण जुटे हुए हैं।

### कर्मचारी सहकारी साख समिति का सम्मान समारोह 28 को

**धमतरी।** शासकीय कर्मचारी साख सहकारी समिति की वार्षिक आम सभा एवं सम्मान समारोह 28 सितंबर को दोपहर 12 बजे से कर्मचारी भवन धमतरी में आयोजित है। कृपाशंकर मिश्रा अध्यक्ष ने बताया कि मुख्य अतिथि रामू रोहरा महापौर होंगे। श्रीमती रंजना साहू प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा अध्यक्षता करेंगी। विशिष्ट अतिथि अरुण कुमार सार्वा अध्यक्ष जिला पंचायत, श्रीमती ज्योति चंद्राकर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कुरूद होंगे। इस दौरान 30 सितंबर 2024 से 31 अगस्त 2025 तक शासकीय सेवा से सेवानिवृत समिति सदस्य एवं सदस्यों के प्रतिभावान पुत्र -पुत्री का सम्मान किया जाएगा। समारोह की तैयारी में उपाध्यक्ष होलाराम परिहा, अनिता घोरपडे, संचालक मंडल के सदस्यगण चंद्रकुमार चंद्राकर, अरुण कुमार गौर, यशकरण सिंह गजेंद्र, नंदकिशोर साहू, कृष्णाराम साहू, टिकेश्वरी वर्मा एवं प्रतिनिधि सदस्य राजेंद्र चंद्राकर, मुकेश केसरी जुटे हैं।

कलेक्टर के आदेश पर खनिज, राजस्व, पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने पकड़े रेत से भरे वाहन

# रेत के अवैध कारोबार पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अवैध परिवहन पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए संयुक्त टीम ने 8 से ज्यादा रेत से भरे ट्रैक्टरों को जब्त किया। कार्रवाई इतनी तगड़ी थी कि सड़क पर रेत से भरे वाहनों का चलना ही बंद हो गया था। कई दबंग मटेरियल सप्लायरों के ट्रैक्टर भी पकड़े गए हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि अवैध उत्खनन बंद नहीं हुआ तो उनकी कार्रवाई इसी प्रकार जारी रहेगी।

महानदी से लगातार रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन की शिकायत मिल रही थी, जिसे देखते हुए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने खनिज विभाग, राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित की। शनिवार को इस टीम ने रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की। कार्रवाई को देखते हुए ड्राइवर मुख्य मार्ग को छोड़कर ट्रैक्टर सहित गली कूचों में छिप गए। अधिकारियों ने खरेंगा, कोलियारी, अछोटा की गलियों में घुस-घुसकर रेत से भरे ट्रैक्टरों को पकड़ा। खदानों में दबिश दी गई।

मिली जानकारी के अनुसार रेत से भरे कुल 8 ट्रैक्टरों को पकड़ा गया है। अछोटा से 3, खरेंगा से 4 और कोलियारी से 1 ट्रैक्टर पकड़ा गया है। इन गाड़ियों में पिटपास नहीं था। जब्त वाहनों को कम्पोजिट बिल्डिंग परिसर में रखा गया है। गाड़ियों पर खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के तहत कार्रवाई की गई है।

### पूरी प्लानिंग के साथ कार्रवाई

रेत का अवैध परिवहन रोकने के लिए अधिकारी पूरी प्लानिंग के साथ मैदान पर उतरे थे। चौक-चौराहों में जाल बिछाकर जवानों को तैनात किया गया था जो रेत से भरे वाहनों को पकड़ रहे थे। कई वाहनों के ड्राइवर तो गाड़ी छोड़कर भाग गए, तो दूसरे ट्रैक्टरों के ड्राइवरों की मदद से गाड़ियों को कम्पोजिट बिल्डिंग पहुंचाया गया। जिस ड्राइवर ने मदद की, उसकी भी गाड़ी पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई इतनी तगड़ी थी कि 11 बजे के बाद सड़क पर रेत से भरे वाहन चलने ही बंद हो गए थे।





### नहीं मिलेगी कोई रियायत

प्रशासन ने यह स्पष्ट किया है कि जिले में अब अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। संयुक्त टीम द्वारा समय-समय पर शिकायती क्षेत्रों में निरीक्षण कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आमजनों से अपील की है कि अवैध रेत परिवहन की सूचना प्रशासन को उपलब्ध कराकर सहयोग करें। इस अभियान का उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना तथा खनिज राजस्व की हानि को रोकना है। प्रशासन ने कहा है कि भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई सतत रूप से जारी रहेगी।

### स्थानीय लोगों की समस्या

डंपिंग पाइंट से हाइवा में रेत की लोडिंग की जा रही है, लेकिन ट्रैक्टरों में रेत लोडिंग की कोई व्यवस्था नहीं है। इन ट्रैक्टरों से ही स्थानीय लोगों को रेत मिलती है। इस कार्रवाई के बाद स्थानीय स्तर पर लोगों को रेत मिलना बंद हो गया है। ट्रैक्टर संचालकों ने बताया कि वे लीगल रूप से रायल्टी देकर रेत निकालना चाहते हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा ऐसी व्यवस्था ही नहीं की गई है। अभी तो एनजीटी के नियम के अनुसार बारिश के मौसम में सभी खदानें बंद हैं। खदानें खुलने के बाद भी ट्रैक्टरों के लिए लीगल रूप से रेत निकालने कोई व्यवस्था नहीं की जाती है। महानदी के किनारे होने के बाद भी शहरवासियों को रेत के लिए तरसना पड़ता है।

# नवरात्रि में झमाझम बारिश के आसार

## मानसून की वापसी शुरु, अक्टूबर के पहले सप्ताह तक लौटने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दक्षिण पश्चिम मानसून की वापसी शुरु हो गई है। आगामी चार दिनों तक प्रदेश में गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा की संभावना है। इसके बाद वर्षा की गतिविधियों में वृद्धि होने की संभावना है।



मौसम विज्ञान विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पश्चिम मानसून भटिंडा, फतेहाबाद, पिलानी, अजमेर, ओडिशा, भुज से होकर गुजर रहा है। बताया जा रहा है कि अक्टूबर के पहले पखवाड़े तक प्रदेश से मानसून लौट जाएगा। मानसून की वापसी के दौरान प्रदेश में अच्छी बारिश होने की संभावना है। मौसम सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 25-26 सितंबर को बंगाल की खाड़ी में बड़ा मानसूनी सिस्टम लो प्रेशर एरिया बन रहा है। इसके प्रभाव से प्रदेश में तीन दिनों तक अच्छी बारिश हो सकती है। शारदीय नवरात्रि के तीसरे चौथे दिन झमाझम बारिश की संभावना है।

### इस साल रहेगी तेज सर्दी

वर्तमान में तापमान 34 से 26 डिग्री अधिकतम एवं न्यूनतम पर है। मौसम सूत्रों के अनुसार अक्टूबर से दिसंबर के बीच ला नीना के एक्टिव होने की संभावना 71 प्रतिशत है। इससे तेज ठंड पड़ सकती है। ला नीना एक मौसमी बदलाव है जो प्रशांत महासागर में होता है। यह समुद्र के पानी के तापमान से जुड़ा होता है। जब पानी सामान्य से भी ठंडा हो जाता है तब इस स्थिति को ला नीना कहते है।

# यातायात पुलिस ने जब्त मॉडिफाइड साइलेंसर पर चलवाया रोड रोलर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

यातायात पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जब्त किए गए 50 से अधिक मॉडिफाइड साइलेंसर पर रोड रोलर चलवाकर नष्ट किया है।

यातायात शाखा द्वारा जिले में चलाए जा रहे यातायात नियमों के पालन व प्रदूषण नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाकर बुलेट मोटरसाइकिल में लगाए गए अवैध मॉडिफाइड साइलेंसरों के नष्टीकरण की कार्रवाई की गई है। यातायात पुलिस को आम नागरिकों से लगातार शिकायत मिल रही थी कि कुछ वाहन चालक अपनी मोटरसाइकिल विशेषकर बुलेट में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज व असामान्य ध्वनि उत्पन्न करते हैं।



50 से अधिक साइलेंसर को किया नष्ट

इस प्रकार का शोर न केवल नागरिकों को परेशान करता है बल्कि ध्वनि प्रदूषण फैलाकर आम जनता के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर डालता है। इस शिकायत को संज्ञान में लेते हुए यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर विभिन्न स्थानों में चेकिंग कर 50 से अधिक वाहनों से मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त किया गया। जब्त किए गए सभी मॉडिफाइड साइलेंसरों को यातायात थाना परिसर में रोड रोलर चलवाकर नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई आमजनों को यह संदेश देने के उद्देश्य से की गई कि कानून के विपरीत कार्य करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कदम उठाती रहेगी।

### वाहन चालकों को दी चेतावनी

यातायात पुलिस ने वाहन चालकों व मालिकों को भविष्य में अपने वाहन में मॉडिफाइड साइलेंसर अथवा प्रेशर हार्न का उपयोग नहीं करने निर्देशित किया है। दोबारा इस तरह के वाहन चलाते पाए जाने पर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### हिदायत दी जाए

आमजनों का कहना है कि यातायात पुलिस द्वारा इस तरह के मॉडिफाइड साइलेंसर व प्रेशर हार्न की बिक्री करने वाले व लगाने वाले मैकेनिकों की भी बैठक लेकर उन्हें हिदायत दी जाए।

# बिजली हाफ योजना में कटौती एवं दर में बढ़ोतरी के खिलाफ बोला हल्ला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- शहर अध्यक्ष के नेतृत्व में युवाओं ने रत्नाबांधा चौक में किया प्रदर्शन

प्रदेश में 400 यूनिट तक की बिजली माफ योजना को घटाकर 100 यूनिट किए जाने व बिजली दर में बेहद वृद्धि के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस शहर अध्यक्ष योगेश शर्मा के नेतृत्व में युवाओं ने शहर के रत्नाबांधा चौक में सांकेतिक प्रदर्शन कर विरोध प्रकट किया। ब्लॉक अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार हाफ बिजली बिल योजना के तहत 400 यूनिट की सीमा को समाप्त कर आम जनता के ऊपर अत्याचार कर रही है। बिजली की दरों में हुई बढ़ोतरी और हाफ बिजली बिल योजना को समाप्त किए जाने से आम जनता को आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ रहा है। जिला युवा कांग्रेस महासचिव गीतराम सिन्हा ने कहा कि बिजली बिल हाफ योजना पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय लागू की गई थी। वर्तमान की



भाजपा सरकार ने बंद कर 100 यूनिट तक हाफ किया है। भाजपा सरकार महतारी वंदन योजना की राशि 1000 की वसूली बिजली बिल बढ़ाकर कर रही है। इस दौरान पूर्व पीसीसी सचिव आनंद पवार, प्रवीण साहू, आशुतोष खरे, सूरज पासवान, दीपक साहू, यश दुबे, अविनाश मरोठे, रेहान वीरानी, अजय डहरिया, नवीन गजेंद्र, कुलेश्वर देवांगन, विक्की वाल्मीकि, राज देवांगन, श्रवण साहू, मोहन ध्रुव, अमित बाघमरिया, गगन आजमानी, टिकेंद्र देवांगन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सेहत संडे : चालीस की उम्र में 140 किलो हो गया था वजन, 3 साल तक की कड़ी मेहनत

# विश्वजीत सिंह ने डाइट प्लान व व्यायाम के सहारे 56 किलो वजन घटाया



- दवाई भी नहीं ली, प्राकृतिक तरीके से घटाया वजन, बीमारियां हो गई दूर

यशवंत साहू ⏭धमतरी

धमतरी-नागपुर राजघराने से ताल्लुक रखने वाले नगर के युवा श्रीमंत विश्वजीत सिंह कृदत्त को शहरवासी राजा साहेब के नाम से जानते हैं। महज 40 की उम्र में ही अनियमित खानपान के कारण उनका वजन 140 किलो हो गया था। चलने, फिरने, बैठने में परेशानी के साथ-साथ वे कई बीमारी की बार्डर लाइन में आ गए थे। ओबेसिटी के शिकार की वजह से घूमना-फिरना बंद हो गया। मानसिक तनाव, स्ट्रेस, अकेलापन उन्हें काफी परेशान करने लगा। पारिवारिक डॉक्टर, रिश्तेदार, दोस्तों की सलाह पर उन्होंने वजन कम करने की ठानी। विश्वजीत जी बताते हैं कि वे माता के परम भक्त हैं। उन्हीं की कृपा से एक नई चेतना जागृत हुई । बगैर दवाई, उपवास के संतुलित आहार व नियमित व्यायाम, योग से उनका वजन 3 साल में 56 किलो कम हो गया। वर्तमान में उनका वजन 84 किलो है।

मोटापा कम होने के बाद आत्मसंतुष्टि के लिए उन्होंने सम्पूर्ण टेस्ट भी करया। डॉक्टरों के मुताबिक उनका हृदय, लिवर, फेफड़ा, किडनी, आंतें, नसें, ब्रेन स्वस्थ है। यह बात सुनकर वे प्रसन्न हुए और जीवनभर आहार, विहार को नियमित रखने की ठानी। दिनचर्या फिक्स कर ली। हर हाल में रात्रि में 10-11 बजे के बीच सो जाते हैं। सुबह उठते ही फ्रेश होकर 45 मिनट तक योग करते हैं। स्नान के बाद 1 घंटे पूजा, फिर हल्का सुपाच्य पौष्टिक नाश्ता, 1:30 बजे छिलका वाली मूंगदाल, हरी सब्जी, दही, सलाद आदि का लंच करते हैं। 2 घंटे शाम को जिम में जाकर कसरत करते हैं।

रात्रि में 9 बजे हल्का आहार में ज्वार बाजरे की रोटी, जौ की भाकरी, मूंगदाल कम मात्रा में खाते हैं। 7-8 घंटे भरपूर नींद लेते हैं। इससे कई बीमारियां दूर हो गई। वे अब कोई भी एलोपैथी दवाई नहीं लेते। पहले कुछ एलोपैथी की दवाई नियमित लेते थे जो अब बंद हो गई है। उनका नागपुर और धमतरी दोनों जगह रहना होता है लेकिन धमतरी ज्यादा प्रिय है। वे अभी कुछ दिन यहीं रहेंगे।

श्री कृदत्त ने लोगों को संदेश देते हुए कहा कि आहार में भारतीय भोजन को शामिल करें। पाश्चात्य और विदेशी भोजन अविकसित भोजन है। इससे बीमारियां आती है। सनातन काल की ओर चलें। चूल्हे और लकड़ी का खाना, पसाया हुआ चावल, छिलका वाली दाल, आर्गेनिक हरी सब्जियां, आयुर्वेदिक और प्राकृतिक दवाई का इस्तेमाल करें। कुकर, माइक्रोवेव जर्मनी के खाना को बाय-बाय कहिये। निगेटिविटी से दूर रहें। अध्यात्म की ओर बढ़ें। जीवन शैली में परिवर्तन लाएं। फास्ट फूड विदेशी भोजन को हाथ नहीं लगाएं। स्वस्थ रहने का संकल्प लें और लक्ष्य की ओर बढ़े। भोजन संतुलित लें। आवश्यकता से अधिक खाने की जरूरत नहीं है। स्वस्थ रहने के लिए स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं।

### मोटापा एक प्रकार का कुपोषण है : डॉ. अवध पचौरी

आयुर्वेदाचार्य एवं योग विशेषज्ञ डॉ. अवध पचौरी ने बताया कि मोटापा एक प्रकार का कुपोषण है। आयुर्वेद में 6 रसों से युक्त भोजन करने की सलाह दी जाती है। भोजन के बाद मीठा खाने से मोटापा बढ़ता है। इसकी जगह कड़वा खाने से मोटापा कम होता है। अग्नि को नियंत्रित करके धातु पोषण क्रम को सुधारा जा सकता है। धातु पोषण क्रम ठीक होने से मोटापा नहीं आता है। आहार जीवन शैली में परिवर्तन करके व आयुर्वेदिक औषधि, पंचकर्म से मोटापा को पूर्ण रूप से ठीक किया जा सकता है।



## सीएमएचओ ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# हड़ताल समाप्ति के बाद एनएचएम कर्मचारियों ने दी ज्वाइनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल रहे एनएचएम कर्मचारियों ने स्वास्थ्य मंत्री के साथ बैठक के बाद हड़ताल समाप्त कर सीएमएचओ कार्यालय पहुंच ज्वाईनिंग दे दी है।

बीते 18 अगस्त से हड़ताल पर चल रहे एनएचएम कर्मचारियों की शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के साथ बैठक हुई जिसमें चार प्रमुख मांगों को मान लिया गया है। शेष मांगों के लिए कमेटी बनाई जाएगी जो तीन महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट देगी। जिसके बाद एनएचएम कर्मचारी



प्रदेश संघ ने हड़ताल समाप्त कर दी। धमतरी के जिला संयोजक ओमप्रकाश मत्स्यपाल ने मीडिया को बताया कि सरकार के इस निर्णय से संतुष्ट हैं। जिले में 593 कर्मचारी हड़ताल पर थे जिसमे से कुछ परीविक्षावधि कर्मचारियों को पहले ज्वाईनिंग कराई गई थी, बाकी सभी कर्मचारियों ने शनिवार को सीएमएचओ कार्यालय पहुंच ज्वाईनिंग दी।

### पुराने काम पहले निबटायेंगे

सभी कर्मचारियों ने कार्यालय पहुंचकर सीएमएचओ डा.यूएल कौशिक व डीपीएम डा.प्रिया कंवर के समक्ष ज्वाईनिंग दी। इस दौरान श्री कौशिक ने मीडिया को बताया कि सभी कर्मचारियों ने ज्वाईनिंग दे दी है। उन्हें समझा दिया है कि जो पुराने काम है, उसे पहले पूरा करना है। काम में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जनता की प्राथमिकता के आधार पर कार्य करना है।

# पुरानी बस्ती से मोदे को जोड़ने वाली पुलिया का निर्माण कार्य 25 वर्षों से लंबित

- औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष को अनेक मांगों एवं समस्याओं से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम अपने एकदिवसीय दौरे पर नगर पंचायत नगरी पहुंचे। यहां नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा एवं पार्षदों ने उनका स्वागत करते हुए नगर पंचायत सभाहाल में सम्मानित किया।

इस अवसर पर नपं नगरी की वर्षों पुरानी मांग को प्रमुखता से रखा गया। बताया गया कि पुरानी बस्ती से ग्राम मोदे को जोड़ने वाली महानदी पर पुलिया का निर्माण कार्य पिछले 25 वर्षों से लंबित हैं। नगरवासी इस पुल का लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। इस पुल के निर्माण होने से नपं नगरी के किसानों को सुविधा मिल पाएगी । लगभग 70 किसानों का खेत मोदे में है एवं नगरी से सांकरा की दूरी भी कम हो जाएगी। नगरी बजरंग चौक से हरदीभाटा चौक तक फोरलेन एवं डिवाइडर निर्माण, स्ट्रीट लाइट सहित इसकी भी जल्द स्वीकृति दिलाने का आवेदन दिया। नपं अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने श्री मरकाम से आग्रह किया कि इस पुल निर्माण कार्य को शीघ्र शासन से प्रशासनिक स्वीकृति दिलाकर कार्य को जल्द से जल्द शुरू कराया जाए। यह प्रस्ताव वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में शामिल किया गया है। कार्यक्रम में नपं उपाध्यक्ष विकास बोहरा, पार्षद राजा पवार, देवचरण ध्रुव, विनीता कोठारी, डागेश्वरी साहू, अश्वनी निषाद, अंबिका ध्रुव, असकरण पटेल, शंकरदेव सहित नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### ओसवाल भवन में लगा रक्तदान शिविर



**नगरी।** जैन श्री संघ नगरी एवं शांत क्रांति संघ नगरी के संयुक्त तत्वावधान में आचार्य विजयराज मुनि महाराज के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आठ दिवसीय विविध धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। इस श्रृंखला का शुभारंभ उत्साह एवं श्रद्धा के साथ किया गया। आयोजन के प्रथम दिवस ओसवाल भवन नगरी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें धार्मिक प्रवचन, भजन संध्या, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, समाजहितकारी गतिविधियां एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल रहेंगे।

### प्राशा भैंसमुंडी में बैग-कॉपी, पेन वितरित



**सिर्री।** प्राथमिक शाला भैंसमुंडी में रायपुर निवासी समाजसेवी डॉ. संतोष अग्रवाल एवं सुशील साहू द्वारा स्कूली बच्चों को बैग, कॉपी, पेन एवं मिठाई का वितरण किया गया। इससे स्कूली बच्चों के चेहरे खिले नजर आए। मौके पर प्राथमिक शाला प्रपा उत्तरा निर्मलकर, माध्यमिक शाला प्रपा जगमोहन साहू, दीपक वर्मा, विनीता देशमुख, गोविंद साहू, भावना लावत्रे, रेखचंद लावत्रे उपस्थित रहे।

### झांकी में बजरंग रामधुनी मंडली अव्वल



- भैंसमुंडी में राज्यस्तरीय रामधुनी स्पर्धा का समापन

**मगरलोड।** नपं भैंसमुंडी में छग स्तरीय त्रिदिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में ख्यातिप्राप्त 18 रामधुनी मण्डलियों ने भाग लिया। झांकी में प्रथम बजरंग रामधुनी मण्डली डोटोपार, द्वितीय श्रीराम जानकी मंडली भर्रीटोला रही। गायन पक्ष में प्रथम जय बजरंग रामधुनी मंडली सेनचुवा व द्वितीय श्रद्धा सुमन रामधुनी मंडली परसापानी रहे। समापन समारोह में नपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण सहित नगरवासी उपस्थित थे।

# अष्टभुजी शक्तिपीठ में पूरी होती है भक्तों की मनोकामना

- दूर-दराज से लोग अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए आते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

परंपरा और आस्था के प्रतीक अष्टभुजी शक्तिपीठ मां दुर्गा मंदिर उमरगांव में इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि महोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा। मां दुर्गा के चरणों में घी एवं तेल की ज्योति प्रज्वलित की जाएंगी। मंदिर समिति ने बताया कि इस वर्ष घी ज्योति का शुल्क 301 तथा तेल ज्योति का शुल्क 801 निर्धारित किया गया है।

मंदिर के महत्व एवं आस्था के बारे में मंदिर के प्रधानाचार्य पं द्वारिका प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि



अष्टभुजी शक्ति पीठ में भक्तों की गहरी आस्था है। यहां दूर-दराज से लोग अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए आते हैं। कई ऐसे दंपत्ति जिन्होंने संतान प्राप्ति की आशा खो दी थी, उन्हें यहां माता रानी की कृपा से संतान सुख प्राप्त हुआ है। यही कारण है कि हर वर्ष भक्तों की आस्था और भी प्रगाढ़ होती जा रही है।

उन्होंने बताया कि नवरात्रि महोत्सव में विविध धार्मिक आयोजन किए जाते हैं जिनमें शतचंडी यज्ञ, श्री यंत्र पूजन, सर्वफल प्राप्ति के लिए विशेष पूजन प्रमुख हैं। ये सभी पूजन एवं अनुष्ठान विद्वान आचार्यों द्वारा परंपरागत विधि-विधान से संपन्न कराए जाते हैं। कलश स्थापना 22 सितम्बर को सोमवार, दोपहर 12 बजे, पंचमी महोत्सव 26 सितम्बर को शुक्रवार प्रातः 9 बजे, हवन पूर्णाहुति व विसर्जन 1 अक्टूबर बुधवार का दोपहर 12 बजे होगा।

# खर्रा में विश्वकर्मा जयंती मनाई गई

- भक्तों ने बाजे-गाजे के साथ निकाली विसर्जन शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम खर्रा में जय विश्वकर्मा बाबा राजमिस्त्री संघ एवं ग्रामीणों के सहयोग से भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। 17 सितंबर को मूर्ति स्थापना की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी थे। अध्यक्षता मनीषा त्रिलोचन साहू जनपद सदस्य ने की। विशेष अतिथि नरेन्द्र घुवंशी अध्यक्ष सोसाइटी दर्रा, डॉ. लोकेश साहू अध्यक्ष भाजपा सिर्री मंडल, जमुना राजेन्द्र साहू सरपंच फुसेरा, शिवराम सरपंच संकरी,



केशरी ओमप्रकाश ध्रुव सरपंच खर्रा, तिजऊराम साहू ग्रामीण अध्यक्ष खर्रा, लाकेश्वर साहू ग्रामीण सचिव खर्रा, उपेन्द्र साहू सचिव खर्रा, मोहन पटेल समाज अध्यक्ष, बृजराज, चैतराम, प्रहलाद वर्मा, रामस्वरूप यादव खर्रा थे।

कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष चंद्रहास साहू, उपाध्यक्ष खिलावन साहू, सचिव हेमलाल यादव, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र साहू सहित सदस्यों का योगदान रहा। 18 सितंबर को बाजे-गाजे के साथ विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। लोग भक्तिगीतों पर खूब झूमते नजर आए। गांव के तालाब में मूर्ति का विसर्जन किया गया। रात्रि में जय सूर्या नाचा पार्टी रानीदाहरा कबीरधाम की प्रस्तुति हुई, जिसे देखने दर्शकों की भीड़ रही।

## संगवारी साहित्य समिति के साहित्यकारों ने कवि सुरजीत नवदीप को दी श्रद्धांजलि

# सिवनीकला में हुआ कवि सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम सिवनीकला में संगवारी साहित्य समिति सिर्री के कवियों का रात्रिकालीन कवि सम्मेलन हुआ। कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक रामकिंकर मानस परिवार सिवनीकला थे। कार्यक्रम में हिंदी पखवाड़ा अंतर्गत हिंदी साहित्यकारों, कवियों ने अपनी कविता प्रस्तुत की। हास्य व्यंग्य के कवि सुरजीत नवदीप को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रधानपाठक विश्रामसिंग साहू राखी, प्यारेलाल साहू मरौद को आयोजक समिति एवं उनके विद्यार्थियों द्वारा सम्मानित



किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरपंच लता जितेश्वर ध्रुव, ग्रामीण अध्यक्ष विक्रम साहू सहित गणमान्य नागरिकों ने किया। कवि सम्मेलन की प्रथम पंक्ति में रामेश्वर साहू बकली ने मातृ वंदन के गीत से काव्यपाठ का सूत्रपात किया। निरंजन बिरेझर हास्य, मोहनलाल घिवरिया सिर्री श्रृंगार, लीलाराम सिन्हा हास्य, जागेंद्र सिन्हा कन्हारपुरी वीर रस, प्यारेलाल साहू मरौद छन्द, मोहन कंसारी नारी करुण रस, लुकेशराम साहू मरौद ग़ज़ल, राजू छत्तीसगढ़िया गातापार वीर रस, घनाराम साहू जोरातराई ने हास्य, धर्मेंद्र कुमार जोरातराई ने शांत रस की कविताओं का पाठ किया। मंच का संचालन निरंजन और रामेश्वर ने किया। आभार प्रदर्शन शिक्षक यशकुमार साहू ने किया। आयोजक समिति के अनुसार के 19 से 21 सितंबर तक रामधुनी प्रतियोगिता आयोजित है, जिसमं ख्याति प्राप्त रामधनी मंडली अपनी प्रस्तुति दे रही है। कवि सम्मेलन में प्रमुख रूप से रामसुंदर पटेल, यशकुमार साहू, भागवत पटेल, खूबचंद साहू, मन्नू यादव, धनसिंग साहू, डीलेंद्र पटेल, तेजेन्द्र पटेल, नरेंद्र साहू, भागीराम पटेल सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक और श्रोता उपस्थित थे।

# स्वर्गधाम सेवा समिति बनी भूमिहीनों का सहारा



**पुरी।** ग्राम छाती में विगत कई वर्षों से मानव कल्याण स्वर्गधाम सेवा समिति छाती का गठन किया गया था। इस पुण्य कार्य की नींव रखने वाला श्री राधे कृष्ण मानस परिवार है। पहले छाती में किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर 500 रूपए दाह संस्कार के लिए दिया जाता था। आज कुल 56 दानदाता हो गए हैं, जिनके द्वारा गांव की किसी भी भूमिहीन व्यक्ति के निधन हो जाने पर उसके दाह संस्कार, भोजन, सामाजिक क्रियाकर्म, पूजा, हवन आदि के लिए 7000 रूपए प्रदान किया जाता है। इसी तारतम्य में ग्राम छाती के कोमल साहू के निधन होने पर उसकी पत्नी को 7000 रूपए आर्थिक सहायता दी गई। यह जानकारी नरेंद्र साहू स्वर्गधाम सेवा समिति अध्यक्ष ने दी।

### खमनापारा-मुकुंदपुर में स्वच्छता अभियान चला



**नगरी।** ग्राम खमनापारा एवं मुकुंदपुर में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान सरपंच दुर्गा दर्रो, उपसरपंच नोहरसिंह मरकाम, गायत्रीबाई सोरी, अनिता मरकाम, ममता नेताम, सुलोचना साहू, अनिता सोरी, उपासिन मरकाम, नीराबाई मरकाम, भुनेश्वरी मरकाम सहित सेवेन स्टार समिति के सदस्य उपस्थित थे। यह अभियान ग्राम संरक्षक प्रकाश मरकाम के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

### इर्रा में महिला कमांडो का पुनर्गठन



**कोर्रा(भखारा)।** कुरूद ब्लाक के ग्राम पंचायत इर्रा में महिला कमांडो का पुनर्गठन किया गया है ताकि गांव में नशाखोरी और अपराध को रोकने के साथ ही स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा सके। सरपंच सूर्यकांत साहू ने पंचगणों की उपस्थिति में महिला कमांडो दल को पुनः एक्टिव किया । स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयक जितेंद्र साहू ने ग्रामवासियों को कचरे का उचित निपटारा कर गांव को स्वच्छ बनाने के लिए मार्गदर्शन दिया।

# रामचंद्र दूसरी बार अध्यक्ष बने

- परिक्षेत्र साहू समाज त्रिकुटी धाम कोसमर्रा का हुआ चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭बगदेही/अंवरी

परिक्षेत्र साहू समाज त्रिकुटी धाम कोसमर्रा का निर्वाचन हुआ।

रामचंद्र साहू बगदेही दूसरी बार अध्यक्ष बने। परिक्षेत्र साहू समाज कोसमर्रा में 5 पदों का मनोनयन होना था। अध्यक्ष , उपाध्यक्ष एवं संगठन सचिव के लिए चुनाव हुआ जिसमें दो उपाध्यक्ष एवं दो संगठन सचिव निर्विरोध चुने गए। अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवारों ने दावेदारी पेश की। 106 में से 103 मत डाले गए जिसमें रामचंद्र साहू



को 70 मत और गोपीकिशन साहू को 33 मत मिले। इस प्रकार रामचंद्र साहू 37 मतों से विजयी होकर लगातार दूसरी बार अध्यक्ष बने। भूषण साहू सिहाद एवं डिकेश्वरी साहू कोलियारी उपाध्यक्ष बने एवं दाऊलाल साहू सिंगदेही व हीराबाई साहू कोसमर्रा संगठन सचिव बने।

मौके पर कामताराम साहू तहसील अध्यक्ष मीलुराम साहू, दमयंती साहू, भोलाराम साहू, गणेशराम साहू, गोविंद साहू, होमेंद्र साहू, चोवाराम साहू, राजू साहू, नीलमणि साहू, घसियाराम साहू, राजेंद्र साहू समेत अन्य मौजूद थे।

# बगौद परिक्षेत्र के निर्विरोध अध्यक्ष बने नरसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

जिला साहू संघ एवं तहसील साहू संघ कुरुद के निर्वाचन अधिकारियों ने बगौद परिक्षेत्र का चुनाव संपन्न कराया। नरसिंह साहू अध्यक्ष, टेकराम साहू उपाध्यक्ष, दीपेश्वरी साहू महिला उपाध्यक्ष, विश्वनाथ साहू संगठन सचिव, शशि साहू महिला संगठन सचिव चुने गए।

इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारी जिला उपाध्यक्ष तोरण साहू, तहसील साहू संघ राधेश्याम साहू, रामेश्वर साहू, लिखन साहू, लकेश्वर साहू, बगौद परिक्षेत्र के वर्तमान अध्यक्ष रिखीराम साहू, खेमनलाल साहू, चमेली साहू,



संस्थापक कृष्णलाल साहू, संरक्षक नेतराम साहू, भरतलाल साहू, सलाहकार प्यारेलाल साहू, इन्दरमन साहू, ताराचंद साहू, बुधारुराम साहू, चोवाराम साहू, निरंजन साहू, परिक्षेत्र ग्रामीण अध्यक्ष लीलाराम साहू, दयासागर, अनुज साहू, नारायण साहू, नीलेश साहू, देवानंद साहू, माघीलाल साहू समेत अनय उपस्थित रहे।

निर्वाचन अधिकारी ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र का वितरण कर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

### छाती में छात्राओं को साइकिल वितरित



**पुरी।** स्व. भूपालमणि शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छाती में 9 वीं की छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर शाला विकास समिति अध्यक्ष राजेश चंद्राकर, शाला प्रबंधक एनके कुंभकार, उपसरपंच रमेश यादव, टीआर साहू, शिव चंद्राकर, राजेंद्र चंद्राकर, भोज लहरे, बूटेश्वर चंद्राकर व शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## दीदी के गोठ : लखपति दीदियों ने बताई अपनी सफलता की प्रेरक कहानी

# सेंट्रिग प्लेट क्रय एवं राजमिस्त्री का प्रशिक्षण लेकर परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ की

- जपं कुरुद के कोर्रा, सिर्री, जीजामगांव, चर्रा व उमरदा क्लस्टर में हुआ प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

छग राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत तैयार किए जा रहे विशेष रेडियो कार्यक्रम दीदी के गोठ का द्वितीय एपिसोड जिले के सभी संकुल स्तरीय संगठनों में दोपहर 2 से 2.15 बजे तक प्रसारित हुआ। जनपद पंचायत कुरूद अंतर्गत चारों क्लस्टर संगठन कोर्रा, सिर्री,



जीजामगांव, चर्रा और उमरदा एवं ग्राम संगठन जीआरसी हंचलपुर में दीदी के गोठ कार्यक्रम का प्रसारण किया गया। इस एपिसोड में लखपति दीदियों द्वारा अपनी सफलता की प्रेरक कहानियां स्वयं की जुबानी प्रस्तुत की गई।

दीदीयों ने बताया कि किस प्रकार



उन्होंने बिहान समूह से जुड़कर न केवल आत्मनिर्भरता की राह अपनाई बल्कि दूसरों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनी। कार्यक्रम का सभी दीदियों एवं समूह की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक श्रवण किया। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ उठाते हुए अनेक महिलाओं ने समूह से जुड़कर सेंट्रिग प्लेट क्रय एवं राजमिस्त्री का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण से उन्होंने अपनी आजीविका के साधनों को मजबूत बनाया और आय में वृद्धि कर परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ की। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष कुरुद गीतेश्वरी साहू, मुख्यकार्यपालन अधिकारी जपं कुरूद अमित सेन, बीसी आवास, सचिव सरपंच, रोजगार सहायक क्षेत्रीय समन्वयक, पीआरपी, एसएचजी सदस्य व लखपति दीदी उपस्थित रही।

### अमाली स्कूल में हुआ न्योता भोज



**नगरी।** प्राथमिक व माध्यमिक शाला अमाली में स्व. गजरूराम मरकाम व उनकी धर्मपत्नी स्व. पवनबाई मरकाम की स्मृति में पुत्र लोकेश मरकाम प्राचार्य, रमेश मरकाम अभियंता, टोपेश मरकाम व विनोद मरकाम द्वारा श्राद्ध पर्व पर न्योता भोज में चावल-दाल, खीर -पूड़ी, बड़ा व सब्जी सभी स्कूली छात्र-छात्राओं व स्टाफ को परोसी गई। प्रधानपाठक हर्षलता साहू, गंगा नवरंग, सिद्धेश्वर साहू ने मरकाम परिवार के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर चंद्रकुमारी नौरंगे, श्वेता गौर, लक्ष्मी साहू, सतरूपा नाग व शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### हटकेशर में विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनी



**धमतरी।** हटकेशर के राजमिस्त्रियों ने विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई। राजमिस्त्री प्रहलाद निषाद, चुरामन पटेल ने बताया कि भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा बाजार चौक हटकेशर में विधि-विधान से स्थापित की गई। गुरूवार को बाजे- गाजे के साथ प्रतिमा का विसर्जन किया गया। रात्रिकालीन कार्यक्रम में उसरवारा की नाचा पार्टी जय अम्बे ने अपनी रोचक प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में राधेलाल ठाकुर, चिमन जोशी, महेश जोशी, एवन पटेल, रूपेश पटेल, प्रशांत मीनपाल, छोटेलाल साहू, राम पटेल, ठाकुर राम, पुनीत पटेल, कन्हैया मारकंडे, भोज मारकंडे, लुकु साहू, वनेश्वर ध्रुव, राजेश ध्रुव, खिलावन पटेल, संतोष सिन्हा जुटे रहे।

### बिरेझर में सेवा पखवाड़ा मनाया गया



**जीजामगांव।** ग्राम पंचायत बिरेझर में प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा के रूप में स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह सिर्फ एक अभ्यान नहीं है बल्कि देश को मजबूत बनाने का प्रबल स्तर है। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि गुपेंद्र साहू, उपसरपंच झालेंद्र साहू, बूथ अध्यक्ष पुष्कर साहू, सिरी मंडल मीडिया प्रभारी बालेंदुसिंह ठाकुर, बीजेपी के वरिष्ठ कार्यकर्ता डीहूराम साहू, पंच नेतराम चक्रधारी, धनेश साहू, शेषनरायण साहू उपस्थित थे।

### मौरीखुर्द परिक्षेत्र में हुआ संगठन चुनाव



**सिर्री।** मौरीखुर्द परिक्षेत्र में संगठन चुनाव निर्विरोध हुआ। अध्यक्ष हरिनारायण, उपाध्यक्ष जागेश्वर साहू, माहिला उपाध्यक्ष रुपेश्वरी साहू, संगठन सचिव टेमिन साहू एवं हेमाराम साहू चुने गए। इस अवसर पर राधेश्याम साहू, रमेशर लाल साहू, लकेश्वर साहू, सुशील साहू, लिखनलाल साहू, पोषण साहू, ओसाराम, गौतम साहू, उत्तम साहू, तीरथ साहू, सोमप्रकाश साहू, तरुण साहू, चंदकुमार साहू सहित अन्य शामिल हुए।

### गंगरेल मंडल के सभी बूथों में चला स्वच्छता अभियान



**धमतरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्म दिवस के अवसर पर भाजपा मंडल गंगरेल द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत सभी बूथों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। गांवों की सार्वजनिक जगहों की सफाई की गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्रीमती मोनिका देवांगन ने कहा कि स्वच्छ भारत का सपना तभी साकार होगा जब हम अपनी आदत में स्वच्छता को अपनाएंगे। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कम करेंगे।

### साफ-सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश



**नगरी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से 2 अक्टूबर गांधी-शास्त्री की जयंती तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के तहत ग्राम छिपली में दशहरा मंच के पास साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। मौके पर जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष गुरुप्रसाद साहू, सरपंच लीकेश्वरी पोटाई, पूर्व सरपंच संत नेताम, गणेशराम नागर्ची, छन्नू नेताम, रुपराय सेन, कोटवार यशवंत नागर्ची, ग्रीन आर्मी के सदस्यों एवं ग्रामीणजनों की उपस्थिति रही।

### बकली में रामधुनी का समापन आज



**सिर्री।** ग्राम बकली में पांच दिवसीय अखण्ड रामधुनी प्रतियोगिता 17 सितंबर से आयोजित है जिसमें क्षेत्र की ख्याति प्राप्त मंडलियां अपनी प्रस्तुति दे रही हैं। अखंड रामधुनी का समापन 21 सितंबर को होगा। कार्यक्रम को जागेश्वर साहू ग्रामीण अध्यक्ष, अंकालुराम नगारची ग्रामीण कोषाध्यक्ष, राधेश्याम साहू सचिव सहित अन्य ग्रामीण गति दे रहे हैं।

जागो ग्राहक जागो अभियान के तहत शाउमावि फरसियां में हुई कार्यशाला

# गुणवत्तापूर्ण और मानक उत्पादों का चयन ही सुरक्षा की गारंटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शाउमावि फरसियां में स्टैण्डर्ड क्लब के तत्वावधान मेंजागो ग्राहक जागो विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपभोक्ताओं को जागरूक करने तथा मानकीकरण, प्रमाणन एवं गुणवत्ता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

कार्यक्रम में रायपुर से पहुंचे एसपीओ सचिन ने बताया कि बीआईएस (भारतीय मानक ब्यूरो) देश का राष्ट्रीय मानक निकाय है, जिसकी स्थापना बीआईएस अधिनियम 2016 के अंतर्गत की गई है। इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को सुरक्षित, भरोसेमंद और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराना है। मानकीकरण, प्रमाणन और परीक्षण के माध्यम से उपभोक्ता स्वास्थ्य जोखिम को न्यूनतम किया जाता है और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है। छात्र-छात्राओं ने भी कार्यशाला में




उत्साहपूर्वक भाग लिया। गगन साहू, पुष्कर, खुशबू एवं गरिमा ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विजयी विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। प्राचार्य नीरज सोन ने बताया कि बीआईएस की प्रमुख गतिविधियों में मानकीकरण, प्रमाणन, हॉलमार्किंग और प्रयोगशाला परीक्षण शामिल हैं। बीआईएस बाजार से नमूने एकत्रित कर स्वतंत्र परीक्षण करता है तथा मानकों का उल्लंघन करने वाले उत्पादकों पर कार्रवाई की जाती है।

स्टैण्डर्ड क्लब प्रभारी अंजना लावत्रे ने कहा कि बीआईएस उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को आईएसआई चिह्नित वस्तुओं की गुणवत्ता, उनके दुरुपयोग और नकली उत्पादों की पहचान के बारे में जानकारी प्रदान करता है। कार्यक्रम में व्याख्याताओं ने भी जानकारी दी। यशपालसिंह साहू ने बताया कि बीआईएस अधिनियम में कीमती धातुओं की हॉलमार्किंग को अनिवार्य किया गया है। ऋषिकेश साहू ने कहा कि नए क्षेत्र जैसे ई-गतिशीलता, स्मार्ट सिटी, डिजिटल नवाचार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और ब्लॉकचेन में मानकीकरण की दिशा में कार्य किया जा रहा है। किरण श्रीमाली ने हॉलमार्किंग की प्रक्रिया एवं एचयूआईडी कोड की महत्ता बताई, जो आभूषणों को विशिष्ट पहचान प्रदान करता है। त्रिवेणी सूर्यवंशी ने कहा कि यह प्रणाली व्यापार में पारदर्शिता बढ़ाने और उपभोक्ता हितों की रक्षा में सहायक है। कार्यक्रम के दौरान बीआईएस-केयर ऐप की जानकारी भी दी गई। यह ऐप उपभोक्ताओं को आईएसआई व हॉलमार्क उत्पादों की प्रामाणिकता की जांच करने और अप्रमाणिक उत्पादों की शिकायत दर्ज करने की सुविधा देता है।

इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाएं निरुपमा, लोमश पटेल, अरविंद सोम, प्रेमलाल ध्रुव, रेणु सोम, शिल्पा मानिकपुरी, आरती निषाद, गीतिका निषाद, नीलम साहू सहित छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

## महामाया मंदिर फरसियां में नवरात्रि की तैयारी जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

मां महामाया मंदिर 16 पाली फरसियां में नवरात्रि पर्व की तैयारी जोरों पर है। समिति के अध्यक्ष जवाहरलाल ध्रुव, उपाध्यक्ष गजानंद कश्यप टेंगना, हरचंद साहू अमाली, दीनदयाल ग्वाले भोथली, महासचिव नीरज सोन, सचिव राधेश्याम ध्रुव मटियाबाहरा एवं राधेश्याम साहू भोथली, कोषाध्यक्ष प्रयाग बिसेन भैंसासाकरा, ऑडिटर माधुरी कश्यप, सोमनाथ सोम संबलपुर ने बताया कि मां महामाया मंदिर फरसियां में आदिकाल से मंदिर स्थापित है, जहां आस्था की मनोकामना ज्योति 22 सितंबर को प्रज्ज्वलित की जायेगी। 27 सितंबर को पंचमी पूजन, श्रृंगार एवं भजन, 30 सितंबर को अष्टमी हवन, पूर्णाहुति एवं नौ कन्या भोज, 1 अक्टूबर को कलश विसर्जन एवं विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। तेल ज्योति 801 एवं घृत ज्योति 1401 रुपए निर्धारित है। पंजीयन के लिए सुनील, अल्का , मयंक, शिवदयाल साहू, रितेश पारख एवं समिति के पदाधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

मां महामाई युवा सेवा समिति 16 पाली फरसियां के अध्यक्ष रेखाराम साहू, उपाध्यक्ष ताराचंद साहू, सचिव अरुण प्रजापति, सहसचिव चेतन नाग व गजानंद सोन ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए प्रथम दिन से पूर्णाहुति तक भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई है। पं. नीलकमल शर्मा महाकालेश्वर धाम छिपली, मंदिर पुजारी कन्हाईराम ध्रुव, कमलेश ध्रुव एवं दुष्यंत शांडिल्य द्वारा प्रतिदिन पूजन कार्य संपन्न होगा।

## क्षेत्र के नागरिक जमीन खरीदते समय रहें सतर्क : जितेंद्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

सिहावा विस क्षेत्र के युवा आदिवासी नेता जितेंद्र गोलू मंडावी ने कहा कि भू-माफिया और जमीन के अवैध कारोबारियों द्वारा भोले-भाले नागरिकों को लालच देकर जमीन बेचने की कोशिशें लगातार की जा रही हैं। कई बार देखने में आया है कि फर्जी कागजात और मनगढ़ंत दस्तावेजों के आधार पर जमीन की बिक्री कर दी जाती है। ऐसे मामलों में खरीदार बाद में गंभीर कानूनी उलझनों में फंस जाते हैं और वर्षों तक न्यायालयों के चक्कर काटते रहते हैं। श्री मंडावी ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की जमीन की खरीद-बिक्री करते समय पूरी सतर्कता बरतें और कागजातों की गहन जांच-पड़ताल जरूर करें। उन्होंने कहा कि तहसील कार्यालय और संबंधित शासकीय विभागों से दस्तावेजों की वैधानिकता की पुष्टि करने के बाद ही सौदा करें, ताकि मेहनत की गाढ़ी कमाई बर्बाद होने से बच सके। युवा नेता ने यह भी स्पष्ट किया कि फर्जीवाड़ा और धोखाधड़ी में शामिल भू-माफिया अक्सर असली मालिकों या सरकारी जमीनों को बेचने की कोशिश करते हैं। यही कारण है कि आम जनता को सतर्क रहना बेहद जरूरी है।

उन्होंने कहा कि कोई भी नागरिक बिना वैधानिक प्रक्रिया के जमीन न खरीदे, क्योंकि बाद में ऐसे सौदे विवादों में उलझ जाते हैं और खरीदारों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने एसडीएम नगरी एवं अन्य शासकीय विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों से निवेदन किया है कि वे आम नागरिकों को भू-माफिया और जमीन दलालों से बचाने में सहयोग करें तथा लोगों को समय-समय पर जागरूक करते रहें। श्री मंडावी ने यह भी सुझाव दिया कि प्रशासन को ऐसे प्रकरणों की नियमित निगरानी करनी चाहिए और यदि कोई संदिग्ध खरीदी-बिक्री सामने आती है तो तत्काल जांच कर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

## संसद केवल चर्चा और बहस का मंच नहीं : ज्योति



- स्कूली बच्चों के युवा संसद कार्यक्रम में शामिल हुए नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

स्कूली बच्चों द्वारा आयोजित युवा संसद कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षद हितेंद्र साहू, छबिलाल निर्मलकर, भूपेश्वरी चंदेल, चक्र सुदर्शन शामिल हुए। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में बच्चों ने संसदीय परंपरा का जीवंत प्रदर्शन किया तथा लोकतंत्र की कार्यप्रणाली का परिचय दिया। अध्यक्ष ज्योति जैन ने बच्चों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता पैदा करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए बताया कि संसद केवल चर्चा और बहस का मंच ही नहीं, बल्कि समाज और देश की समस्याओं के समाधान का माध्यम भी है। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न मुद्दों पर विचार प्रस्तुत किए और प्रश्नोत्तरी सत्र के माध्यम से संसदीय प्रक्रिया को रोचक बनाया। अध्यक्ष ने बच्चों को नियमित रूप से पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक विषयों पर भी जागरूक रहने की प्रेरणा दी।

हरख जैन ने कहा कि युवा ही राष्ट्र का भविष्य है इसलिए आपको बचपन से ही जिम्मेदारी और अनुशासन सीखना चाहिए। लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब आप सब जागरूक नागरिक बनेंगे और समाज की भलाई के लिए आगे आएंगे। उपाध्यक्ष विष्णु साहू ने कहा कि हर अवसर को सीखने का माध्यम समझें, क्योंकि छोटी-छोटी बातें ही जीवन में बड़ा बदलाव लाती हैं। प्राचार्य राजकुमार गंजीर ने आभार व्यक्त किया।

## सारंगपुरी में हुआ बाल मेला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन अंतर्गत ग्राम सारंगपुरी में बाल मेला का आयोजन किया गया। यह मेला विशेष रूप से 0 से 3 वर्ष के बच्चों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित था।

मेले में कुल 10 काउंटर लगाए गए, जिनमें पंजीकरण, शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, सामाजिक विकास, पोषण आहार, टीकाकरण, खेल जगत, माता की सहायता तथा हाथों का कमाल जैसे काउंटर शामिल रहे। सरपंच रामकुमार यादव, सचिव जीवनलाल साहू, श्रीमती इंदु साहू, श्वेता सोनकर, गंगाराम साहू, धानसिंह कंवर का स्वागत किया गया।

सुपरवाइजर तरुण यादव ने प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गोमती एवं अहिल्या ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

माताएं बारी-बारी से प्रत्येक काउंटर पर गईं और विभिन्न गतिविधियों में सम्मिलित हुईं। माताओं के लिए बिंदी लगाओ एवं कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता हुई। सुपरवाइजर तरुण एवं टीम लीडर राजकुमार यादव ने सामग्री वितरित की। मौके पर ब्लॉक को-आर्डिनेटर मोनिका सिन्हा, सुमन जैन, पूनम साहू, तन्मय चटर्जी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनुसुईया सोनकर, रिनेश्वरी साहू, टिकेश्वरी पटेल, गोमती साहू, अहिल्या नेताम, राजेश्वरी साहू मौजूद थे।

## मल्हारी में दशहरा की तैयारी शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

सिहावा अंचल का प्रथम ग्राम मल्हारी में दशहरा की तैयारी जोरों से शुरू हो चुकी है। सोमवार को सुबह 8 बजे श्री ठाकुर देव समिति मल्हारी के प्रबुद्धजन दशहरा की तैयारी में जुटे थे। मीडिया प्रभारी रोशन सोनी ने बताया कि नवरात्रि पर्व की चतुर्थी पर शुक्रवार 26 सितंबर को अंचल के प्रथम पूज्य श्री ठाकुर देव जी महाराज की विधिविधान पूर्वक पूजा अर्चन की जायेगी। अंचल के भूमकाल, मां शीतला समिति सिहावा एवं श्री ठाकुर देव समिति सिहावा क्षेत्र को आमंत्रण भेजने समिति सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई थी। तैयारी बैठक में पुजारी विजय कौशल, चैनसिह कौशल, रामस्वरूप, हेम, दिलीप सोम, सरपंच मल्हारी हुलासराम सोम, सालिक चंद्रवंशी, देवनारायण, राकेश बिसेन, महेर सोम किरण, प्रसन्न, कुलेश्वर, रामसिंग बृजभूषण, रामस्वरूप, रवि पटेल, चेतन सोम, जनक, पुष्कर, खेम एवं श्री ठाकुर देव समिति मल्हारी के सदस्य मौजूद थे।

### सेजेस कंडेल के छात्रों ने दिया ओजोन संरक्षण का संदेश

**धमतरी।** सेजेस कंडेल में अंतर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस का आयोजन किया गया। इको क्लब प्रभारी हर्ष सेन एवं हिमांशु साहू के मार्गदर्शन में क्विज एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता हुई। पोस्टर निर्माण में बच्चों ने ओजोन परत के महत्व और उसके संरक्षण के उपायों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया।

## कार्य नहीं वेतन नहीं के आधार पर दें पदोन्नति : दयालुराम



**कुरुद।** छग प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेसी से प्राचार्य पदोन्नति हेतु पात्र रहे सेवानिवृत्त प्रधानपाठकों तथा व्याख्याताओं को काल्पनिक पदोन्नति देने ई-मेल कर मांग की है। फेडरेशन ने सेवानिवृत्ति के कारण प्राचार्य पदोन्नति से वंचित हुए पात्र व्याख्याता एवं प्रधानपाठकों को कार्य नहीं वेतन नहीं सिद्धांत के अंतर्गत काल्पनिक पदोन्नति देने की माँग शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव से की है।

प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, जिलाध्यक्ष दयालुराम साहू, जिला महामंत्री राजेश मिश्रा, कार्यकारणी अध्यक्ष विनोद ठाकुर, मोहितराम ने बताया कि छग राजपत्र 5 मार्च 2019 द्वारा एजुकेशन एवं ट्राइबल के शिक्षक संवर्गों के लिये समेकित भर्ती-पदोन्नति नियम बनाया गया था। उन्होंने बताया कि प्राचार्य पद पर पदोन्नति हेतु मार्च-अप्रैल 2025 में छग लोक सेवा आयोग में पात्र व्याख्याताओं एवं प्रधानपाठकों की पदोन्नति हेतु विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक हुई थी, लेकिन विभागीय प्रक्रिया में व्यवधान के फलस्वरूप टी-संवर्ग में 1335 तथा ई-संवर्ग में 1478 प्राचार्य पदोन्नति आदेश जारी हुआ था लेकिन टी-संवर्ग अंतर्गत जारी पदस्थापना आदेश 29/8/25 को जारी हुआ था। 30/4/25 से 31/7/25 तक टी-संवर्ग के सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं प्रधानपाठकों के नाम पदस्थापना आदेश से हटा दिया गया था जबकि विभाग के द्वारा टी संवर्ग में प्राचार्य पदोन्नति हेतु पात्र रहे सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं प्रधानपाठकों को प्राचार्य पद पर काल्पनिक पदोन्नति कार्य नहीं वेतन नहीं के सिद्धांत के आधार पर काल्पनिक पदोन्नति आदेश जारी करना था।

## धूमा में रामधुनी प्रतियोगिता का समापन आज



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम धूमा में ग्रामवासियों के सहयोग से दो दिवसीय रामधुनी कला प्रतियोगिता 20 से 21 सितंबर तक आयोजित है। प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि रेलहाराम साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज चिंवरी रहे। विशिष्ट अतिथि राजकुमार साहू ग्रामीण अध्यक्ष धूमा, रामेश्वर साहू ग्राम पटेल धूमा, भुनेश्वरराम साहू ठेकेदार धूमा, ललतूराम साहू शामिल हुए। रविवार को रामधुनी का समापन होगा। स्पर्धा में विभिन्न मंडलियां अपनी प्रस्तुति लगातार दे रही हैं। कार्यक्रम के संचालन में ओंकारप्रसाद साहू, केवल साहू, मोहन, चमन, दिलीप, दीनदयाल, बहुरराम, राजकुमार, भुवनेश्वर, डिलेश्वर, रामजी, चुमन, नरेश, रामेश्वर, सेवाराम, जगत, घना समेत अन्य ग्रामवासी जुटे हैं।

छत्तीसगढ़ की ख्यातिनाम मंडलियां दे रही प्रस्तुति

## सुपेला में राम नाम सप्ताह महायज्ञ एवं सम्मेलन

**कुरूद।** इस वर्ष भी पितृ पक्ष के अवसर पर ग्राम सुपेला(सेमरा) में ग्रामवासियों एवं ग्राम पंचायत के सहयोग से 14 से 21 सितंबर तक रामधुनी महायज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। गीत, संगीत, नृत्य और झांकी के साथ रामकथा रूपी गंगा प्रवाहित हो रही है जिसमें



डुबकी लगाने सैकड़ों दर्शक जुट रहे हैं। प्रतियोगिता को सफल बनाने छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से ख्यातिनाम रामधुनी मंडली पहुंच रही है। प्रत्येक मंडली को सांत्वना राशि 2601 रूपये प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम का समापन 21 सितंबर को होगा। यह जानकारी ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष मूलचंद साहू ने दी।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### टी-20 इ्यूज बॉल क्रिकेट स्पर्धा आज

**धमतरी।** जिला स्तरीय टैलेंट सर्च टी-20 इ्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन पीजी कॉलेज क्रिकेट स्टेडियम में आज प्रातः 9 बजे से हो रहा है। यह जानकारी अजय बाबर सचिव धमतरी जिला क्रिकेट संघ ने दी है।

### राज्य स्तरीय एथलेटिक्स में कविता का चयन

**धमतरी।** राज्यस्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 14 वर्ष बालिका वर्ग



हेतु शासकीय माध्यमिक शाला सोरम में अध्ययनरत कक्षा आठवीं की छात्रा कुमारी कविता यादव पिता रवि यादव का चयन हुआ है। प्रतियोगिता जगदलपुर में 21 से 24 सितंबर तक होगी। क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 1 सितंबर को रायपुर में आयोजित की गई थी जिसमें कविता यादव ने 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़ एवं 4×100 मीटर रिले रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इस प्रदर्शन के आधार पर उसका चयन राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। छात्रा के चयन पर प्राचार्य जे आर साहू, संकुल समन्वयक भावना साहू, प्रधान पाठक माध्यमिक शाला ममता कुटारे, लता नेताम, सुचित्रा पांडे, श्वेता योगी, भारती साहू, व्यायाम शिक्षक सुनील कुमार सिन्हा ने हर्ष जताया है।

### जरही माता मंदिर में मनेगी नवरात्रि

**धमतरी।** जरही माता मंदिर सांकरा में नवरात्रि धूमधाम मनाने की तैयारी चल रही है। जय जरही माता मंदिर सेवा समिति के सांकरा के सदस्यों ने बताया कि 22 सितंबर को नवरात्रि प्रारंभ होगी। इस दिन दीप प्रज्ज्वलित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राइस मिलर्स अनिल जैन होंगे। अध्यक्षता उपसरपंच तुलसीराम साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि पुरी सरपंच कुन्ती देवदास, लिमतरा सरपंच भुनेश्वरी साहू, सांकरा के ग्राम पटेल लीलेश्वर बनपेला, सांकरा ग्राम विकास समिति अध्यक्ष सहदेव कुर्रे और पंच गोविंद साहू व सचिन्द्रनाथ सोनवानी होंगे। पंचमी पूजा 27 सितंबर को रखी गई है। 30 सितंबर को अष्टमी हवन एवं पूर्णाहूति का कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य धनेश्वरी साहू मुख्य अतिथि होंगी। सांकरा सरपंच उदयराम साहू अध्यक्षता करेंगे। विशेष अतिथि जनपद सदस्य दिलीप कुमार सेन, बोड़रा सरपंच सुमन प्रीतम साहू, भोथली सरपंच शिवरात्रि ध्रुव, पीपरछेड़ी सरपंच मीता विकेश कौशिक, चंद्रिका प्रसाद सुनहला, डुमन लाल साहू, कांति बाई साहू होंगे।

कोर्रा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का मामला

# स्टाफ नर्स व सफाईकर्मी ने की महिला की डिलीवरी, शिशु की मौत






हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रसव के लिए भर्ती गर्भवती महिला की पीएचसी की स्टाफ नर्स ने महिला सफाईकर्मी की मदद से असुरक्षित डिलीवरी कराई। इस दौरान नवजात शिशु की मौत हो गई। परिजनों ने एचएमएचओ से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

शादी के बाद घर में आने वाले नन्हे मेहमान का दंपति सहित पूरे परिवार को बेसब्री से इंतजार रहता है। ऐसे में अस्पताल स्टाफ की लापरवाही के कारण नन्हे मेहमान का दुनिया में कदम रखने से पहले मौत हो जाना परिवार के लिए किसी सदमे से कम नहीं होता। कुछ इसी तरह की घटना ग्राम कोर्रा आयुष्मान आरोग्य मंदिर पीएचसी में स्टाफ द्वारा असुरक्षित डिलीवरी कराने के दौरान घटी। भखारा क्षेत्र के ग्राम सेमरा सी निवासी चंद्रहास देवांगन की पत्नी गायत्री देवांगन शादी के लंबे समय बाद पहली बार गर्भवती हुई थी। परिवार नन्हे मेहमान के इंतजार में उत्साहित था। प्रेग्नेंसी की अवधि पूरी होने पर महिला को प्रसव पीड़ा शुरु हो गई। परिजन महिला को प्रसव के लिए रात्रि में कोर्रा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। यहां पदस्थ स्टाफ नर्स ने महिला को रातभर अस्पताल में भर्ती रखा। दूसरे दिन सुबह स्टाफ नर्स बिना डाक्टर के सहयोग व परामर्श लिए महिला की डिलीवरी कराने लगी, जिसमें महिला सफाईकर्मी का सहयोग लिया।

परिजनों ने प्रसव के दौरान महिला सफाईकर्मी पर असुरक्षित व लापरवाहीपूर्व प्रसव कराने का आरोप लगाया। वहीं स्टाफ नर्स ने कहा है कि बच्चा फंसा हुआ था। महिला ताकत नहीं लगा पा रही थी जिससे प्रसव के दौरान नवजात की मौत हुई।

### मां की गोद उजाड़ने वालों पर कार्रवाई की मांग

पति चंद्रकांत देवांगन ने सीएमएचओ से लिखित में शिकायत कर कहा है कि पत्नी गायत्री देवांगन को प्रसव के लिए कोर्रा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 16 सितंबर की रात्रि 9 बजे लेकर गया था। दूसरे दिन सुबह 8 बजे गायत्री का असुरक्षित प्रसव कराया गया। नर्स की लापरवाही से नवजात की मौत हो गई। नर्स ने सफाईकर्मी को प्रसव में मदद के लिए बुलाया था। चंद्रहास ने कोर्रा अस्पताल में पदस्थ गैरजिम्मेदार नर्स पर उचित कार्रवाई करने की सीएमएचओ से मांग की है।

### कार्रवाई की जाएगी : डा. कौशिक

सीएमएचओ डा.कौशिक ने मीडिया को बताया कि कोर्रा पीएचसी में प्रसव के दौरान नवजात की मौत होने की जानकारी मिली है। इसकी शिकायत की गई है। घटना की जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई होगी।

## अंगारमोती मंदिर में तैयारियों का ट्रस्टियों ने लिया जायजा





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मां अंगारमोती मंदिर में इस वर्ष भी नवरात्रि पर्व पर श्रद्धापूर्वक श्रद्धा के जोत जलाए जायेंगे। उसकी तैयारी मां अंगारमोती ट्रस्ट के ट्रस्टियों के द्वारा की जा रही है। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, छांव की व्यवस्था की जा रही है। भोजन की व्यवस्था भी रहेगी। ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मरई, सचिव ढालसिंह ध्रुव, कोषाध्यक्ष ओंकार नेताम, सहसचिव देवानंद नेताम व सुरक्षा प्रभारी हरिराम नेताम, पुजारी मानसिंह मरकाम, अर्जुन सिंह नेताम ने तैयारियों का निरीक्षण किया। बताया कि शनिवार शाम 4 बजे तक 4600 श्रद्धालुओं ने ज्योत के लिए पंजीयन कराया है।



## तालाब में डूबने से युवक की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सिहावा थाना अंतर्गत ग्राम रानीगांव में शुक्रवार को नहाने के लिए तालाब गए युवक की डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों द्वारा तालाब में युवक की खोज की गई। बाढ़ बचाव दल द्वारा भी रेस्क्यू करवाया गया किंतु शुक्रवार शाम तक युवक का पता नहीं चला। शनिवार को सुबह युवक का शव तालाब में तैरता नजर आया।

सूचना पर पहुंची सिहावा पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृत युवक महेश कुमार यादव पिता नीलूराम यादव मूलतः रानीगांव का निवासी है जो झारखंड के टाटानगर में रहता था। वह इन दिनों अपने गृहग्राम आया था।

## सर्प मित्र ने किया अजगर का रेस्क्यू

■ करेठा खार में 10 फीट लंबा 15 किलो वजनी अजगर मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शनिवार को सर्प मित्र सूर्यकांत ने 10 फीट लंबे अजगर के अलावा 4 स्थानों पर सांपों का रेस्क्यू किया है। शनिवार को सर्प मित्र सूर्यकांत को खबर मिली कि ग्राम करेठा खार में एक बड़ा अजगर मौजूद है। खबर मिलते ही सूर्यकांत अपने साथी बाबी तिवारी के साथ मौके पर पहुंचे जहां से 10 फीट लंबा और 15 किलो वजनी अजगर को पकड़ा।

सूर्यकांत ने बताया कि अजगर को पकड़ने गए तो अजगर ने उसे लपेट लिया था। काफी मशक्कत के बाद अजगर को काबू किया। इसी समय दुलारी नगर, न्यायिक परिसर एवं अन्य स्थानों से सांप निकलने का फोन आया। एक सांप ने उसके पैर को डस लिया। अपने सहयोगी के साथ सभी सांप को बोरी और डिब्बे में भरकर जंगल में सुरक्षित छोड़ा। उन्होंने बताया कि धमतरी क्षेत्र में गउंहा, डोमी, करैत, रसैल वाइपर ही जहरीले सांप हैं। बाकी सामान्य होते हैं। उन्होंने कहा कि सांपों को मारना नहीं चाहिए। कई लोग उस पर मिट्टी तेल या डीजल छिड़कर देते हैं। ऐसा नहीं करना चाहिए।



### वन विभाग से सहयोग की जरूरत

सूर्यकांत नगर में सर्प मित्र के रूप में अपनी विशेष पहचान रखते हैं। जब भी सांप निकलने की खबर मिलती है। वे तुरंत मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू करते हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 5 हजार से अधिक सांपों को रेस्क्यू कर चुके हैं। वे कभी नहीं चाहते कि वन्य जीवों का नुकसान हो। उसे वन विभाग से न कोई सम्मान मिलता है न ही कोई मदद मिलती है। फिर भी वे जनहित में काम करते रहेंगे।

## गरबा नृत्य में अश्लीलता की शिकायत



■ युवा क्रांति सेना ने फिल्मी गानों में गरबा करने पर रोक लगाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़िया युवा क्रांति सेना ने गरबा में होने वाले अश्लील गीत एवं वस्त्र के खिलाफ कर्रवाई करने की मांग कलेक्टर से की है।

युवा क्रांति सेना अध्यक्ष डोमेश्वर साहू, निखिलेश देवान, यशवंत साहू, हितेश अमन साहू, रोहित साहू ने कलेक्टर के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा है कि जिला मुख्यालय में कुछ आयोजन समिति द्वारा गरबा नृत्य का आयोजन किया जाता है, जिसमें छग की पारंपरिक सेवा जसगीत भजन को दबाकर बाहरी प्रांत की संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है जिसकी वे निंदा करते हैं।

उन्होंने कहा कि गरबा बाहरी प्रांत गुजरात की संस्कृति है, जिसे युवा-युवती मौज मस्ती मनोरंजन का साधन मानते हैं। कई आयोजन में छोटे-छोटे वस्त्र पहनकर फिल्मी गानों पर नृत्य करते हैं। गरबा की आड़ में यहां के युवाओं को अश्लीलता परोसी जाती है। सुआ, करमा, ददरिया, जस, सेवा, गीत, भजन जैसी सांस्कृतिक परंपरा को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि गरबा में परोसी जा रही अश्लीलता को पूर्णतः बंद कराया जाए अन्यथा उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## अनजान मृतकों का होगा आज तर्पण



फाइल फोटो

■ स्वर्गधाम सेवा समिति 2004 से अज्ञात लाशों को दे रही सदगति

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

स्वर्गधाम सेवा समिति इस वर्ष रूद्री घाट में सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या रविवार को 690 अनजान मृतकों का तर्पण करेगी। समिति के अध्यक्ष एवंत गोलछा, महासचिव अशोक पवार ने बताया कि समिति द्वारा 2004 से अज्ञात लाशों को सद्गति दी जा रही है। पितृपक्ष में हर साल शांति के लिए तर्पन, पिंडदान कार्यक्रम होता है। इस वर्ष रविवार को सुबह 10 बजे सामूहिक पिंडदान तर्पण, 12-1 बजे डा.रोशन उपाध्याय का पितृ तर्पण पर व्याख्यान, 1 बजे शांति भोज होगा।

श्री पवार ने बताया कि 2004 से उनकी समिति अनजान लाशों का अंतिम संस्कार समिति करते आ रही है। पितृपक्ष में निःस्वार्थ भाव से पितृ दूतों की तरह सेवा करते है। हर साल, पिंड दान, तर्पण, शांतिभोज कार्यक्रम होता है। कार्यक्रम में गौसेवक रूपेश राजपूत, मनीष फूटान, विजयंत रणसिंह, देवेंद्र फूटान, नीरज पांडे तथा श्वान सेवक पीयूष पारख, पुष्पेंद्र वाजपेयी, काजल जैन, सिमरन कौर, भारतेषु मिश्रा, काग सेवक प्रकाश आडवानी, घायलों की मदद करने वाले शिवा प्रधान का सम्मान किया जाएगा।

### राज्य स्तरीय कुश्ती में शोभाराम देवांगन स्कूल के तीन छात्रों का चयन



**धमतरी।** संभाग स्तरीय शालेय कुश्ती चयन प्रतियोगिता इंडोर स्टेडियम आमातलाब में आयोजित की गई जिसमें डॉ. शोभाराम देवांगन शाउमावि के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के तीन विद्यार्थियों का चयन राज्यस्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ, जिसमें तमन्ना यादव 17 वर्ष, वीर सोनकर 17 वर्ष और समर निर्मलकर 14 वर्ष शामिल है। यह जानकारी शाला के व्यायाम शिक्षक हरीश भूआर्य ने दी। छात्रों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्राचार्य श्रीमती पूनम पांडेय, शाला विकास समिति के अध्यक्ष राजू सोनकर, पार्षद दीपक सोनकर, शाला विकास समिति के सदस्य शिव नेताम, हेमराज सोनी व शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

## राज्य की तहसीलों में स्वीमिंग पुल बनाए जाए : धरम साहू



■ प्रधानमंत्री को लिखा पत्र, जवाब में निगम को मिला निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सामाजिक कार्याकर्ता धरम साहू ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर अवगत कराया कि युवा पीढ़ी तैराकी नहीं जानती। शहर में कहीं भी सार्वजनिक तौर पर स्वीमिंग पुल नहीं है। निजी स्वीमिंग पुल में फीस काफी ज्यादा है इसलिए लोग कम ही जाते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया था कि राज्य की सभी तहसील में शासकीय तौर पर सार्वजनिक स्वीमिंग पुल बनाने का आदेश पारित करे।

इधर नगर निगम को प्रधानमंत्री द्वारा प्रेषित पत्र के माध्यम से राज्य शासन, नगरीय निकाय मंत्रालय ने आदेश प्रसारित कर शहर में स्वीमिंग पुल बनाने कहा है। निगम के अधिकारियों ने कहा कि शासन का लेटर प्राप्त हुआ है। शहर में स्वीमिंग पुल के लिए जगह का अभाव है। स्वीमिंग पुल के लिए आसपास के गांवों में जगह की तलाश की जा रही है। जगह मिलते ही अतिशीघ्र स्वीमिंग पुल बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

## थोक सब्जी मंडी एसो. व मंडी प्रशासन में विद्युत कनेक्शन और बकाया राशि को लेकर ठनी

**धमतरी।** श्यामतराई स्थित थोक सब्जी मंडी एसोसिएशन व मंडी प्रशासन के बीच विद्युत कनेक्शन और बकाया राशि को लेकर खींचतान चल रही है। थोक सब्जी मंडी व्यापारी संघ के अध्यक्ष कैलाश यादव ने बताया कि सब्जी मंडी में कुछ दुकानों का विद्युत कनेक्शन काटने के बाद दुकानदारों में आक्रोश है। इसकी पूर्व सूचना नहीं दी गई और 9 दुकानों का कनेक्शन काट दिया। जबकि भुगतान समय पर किया जाता है। दुकानों का किराया भी जमा करा दिए हैं। सुविधा के नाम पर कुछ नहीं मिल रहा है। मंडी परिसर में बारिश में कीचड़ हो जाता है। गर्मी में धूप, धूल से परेशानी होती है। इस मामले पर समिति के साथ बैठक हुई थी। बैठक में कोई निष्कर्ष नहीं निकला। अब कलेक्टर से गुहार लगाएंगे। इधर मंडी समिति का कहना है कि किसी के साथ भेदभाव नहीं हुआ है। मंडी परिसर का सीमेंटीकरण होना है। कुछ लोगों का किराया बाकी है। कनेक्शन काटने की कार्रवाई प्रशासनिक स्तर पर की गई।

### पिकअप की ठोकर से युवक की मौत

**धमतरी।** सड़क किनारे बाइक खड़ी कर लघुशंका जाने के लिए उतर रहे युवकों को तेज रफ्तार पिकअप ने ठोकर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम मौरीखुर्द निवासी रोशन ध्रुव पिता शिवदयाल उम्र 19 वर्ष गांव के हुमेंद्र के साथ शुक्रवार को बाइक से किसी काम से ग्राम पोटियाडीह व धमतरी आया था। जहां से दोपहर में दोनों वापस अपने घर मौरीखुर्द लौट रहे थे। ग्राम भैंसमुंडी के ईंट भट्ठा के पास युवक लघुशंका जाने के लिए बाइक को सड़क किनारे खड़ा कर नीचे उतर रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप क्रमांक सीजी 05 एएस 0319 के चालक ने युवकों को ठोकर मार दी। वाहन की ठोकर से रोशन गंभीर रूप से घायल हो गया, वहीं हुमेंद्र को मामूली चोट लगी। घायल को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से रिफर करने पर घायल रोशन को धमतरी के निजी अस्पताल में लाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद रोशन को मृत घोषित कर दिया।



















